# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–7960/25 दिनांक 09.09.25

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रबंधक / विभागाध्यक्ष,**
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

**विषय–सितम्बर–2025 में सम्पन्न प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स एंट्री पैनल खोले जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–6817 / 25 दिनांक 01.08.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके अन्तर्गत जी0एन0एम0 / ए0एन0एम0 / समस्त पैरामेडिकल फार्मेसी सहित की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 01.09.2025 से 08.09.2025 तक सम्पन्न कराकर परीक्षा के दिन ही मार्क्स तथा प्रयोगात्मक एवं लिखित परीक्षा के टर्म मार्क्स भी अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गए थे।

उक्त के संबंध में आपको अवगत कराना है कि दिनांक 01.09.2025 से 08.09.2025 तक सम्पन्न मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा तथा अपरिहार्य कारणों से मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित रह गए छात्र / छात्राओं की परीक्षा सम्पन्न कराकर दिनांक 20.09.2025 से 30.09.2025 के मध्य प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स एवं लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के टर्म मार्क्स अपलोड करने हेतु मार्क्स एंट्री पैनल खोला जायेगा। उक्त तिथि में ही मार्क्स अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अतः निर्धारित अवधि के पश्चात लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के मार्क्स / टर्म मार्क्स पैनल पर अपलोड न किये जाने की दशा में परीक्षा परिणाम घोषित करना सम्भव नहीं होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान की होगी।

भवदीय,

(डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।